व्यवहार्यता अंतर वित्तिपोषण (VGF) योजना

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिये व्यवहार्यता अंतर वित्तिपोषण (VGF) योजना को स्वीकृति प्रदान की है, जिसका **कुल परिव्यय 7453 करोड़ रुपए** है।

- इस योजना में 6853 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 1 GW (गीगावाट) क्षमता वाली अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना भी शामिल है, **जिसमें गुजरात और तमिलनाडु के तटों पर 500 मेगावाट क्षमता वाली पवन ऊर्जा परियोजनाएँ शामिल हैं।**
    - अपतटीय पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा का वह स्रोत है जो **उच्च पर्याप्तता और विश्वसनीयता, कम भंडारण आवश्यकता जैसे कई लाभ प्रदान करती है।**
- **नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय** द्वारा संचालित VGF योजना, वर्ष **2015 में अधिसूचित** राष्ट्रीय अपतटीय पवन ऊर्जा नीति को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
    - VGF कुल परियोजना लागत का **40% तक का सरकारी अनुदान होता है**, जो उन बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को समर्थन देने के लिये प्रदान किया जाता है जो आर्थिक रूप से उचित हैं, लेकिन वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं हैं।
- सरकार से VGF समर्थन अपतटीय पवन परियोजनाओं से विद्युत की लागत को कम करेगा और उन्हें वितरण कंपनियों (DISCOM) द्वारा खरीद के लिये व्यवहार्य बना देगा।

और पढ़ें: बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों हेतु व्यवहार्यता अंतर वित्तिपोषण योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/viability-gap-funding-vgf-scheme